# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

राजीव गांधी विधा भवन, द्वितीय तल, शिक्षा संकुल
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर – 17
150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA
फोन न. 0141–2715518, Email :- rajsmsa.girlsedu@rajasthan.gov.in, girlseducationsmsa@gmail.com


क्रमांकः प.6 / रास्कूलशिप / जय / बा.शि. / 2019–20 / 9343 दिनांकः 17 / 1 / 2020

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
पदेन जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा, समस्त जिले।

**विषयः– राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह (24 जनवरी 2020) एवं मीना–राजू एवं गार्गी मंच का सुदृढ़ीकरण।**

**विद्यालयों में बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण कैम्पेन**
**24 से 31 जनवरी 2020**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि 24 जनवरी 2020, राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शुरू होकर 31 जनवरी तक बालिका–शिक्षा एवं सशक्तिकरण कैम्पेन का आयोजन किया जायेगा। इस हेतु सभी विद्यालयों में 2 घण्टे के लिये राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह मनाया जाये जिसमें सभी बच्चे भाग लेंगे। कार्यक्रम का आयोजन, संचालन एवं तैयारी मंच के कोर समूह द्वारा की जाये। जिसे संस्थाप्रधान अपने मार्गदर्शन में सुगमकर्ता एवं अन्य शिक्षकों की सहभागिता से पूरा करेंगे।

समारोह के मुख्य तीन भाग होंगे – 1. प्रस्तुतियां 2. गतिविधियां 3. प्रोत्साहन।

<u>प्रस्तुतियां –</u>

1. नाट्य मंचन – बालिका शिक्षा, जेण्ड़र समता, मीना की कहानियों पर।
2. कविता, कहानी, प्रेरणादायी महिलाओं के रोल मॉडल पर चर्चा / प्रस्तुती।
3. प्रेरणा गीत, मीना गीत।
4. सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकार संबंधित संबंधित नृत्य अथवा अन्य कार्यक्रम।
5. आत्मरक्षा प्रशिक्षण का प्रदर्शन।

<u>गतिविधियां</u> (10 से 20 बच्चों के समूह बनाकर एक–दो गतिविधियां करवायी जायें) –

1. क्विज – बाल अधिकार पर।
2. अंत्याक्षरी – हिन्दी एवं अंग्रेजी के शब्दों पर; राज्य एवं जिले के नाम पर।
3. समूह में कहानी बनाना – बालिका शिक्षा के किसी मुद्दे पर सर्किल में किसी एक बच्चे से शुरूआत करते हुए कहानी को बनाना। कहानी में ऐसे विषय पर शुरूआत की जाये जो बालिकाओं की किसी समस्या से जुड़ा हो।
4. पोस्टर बनाना – बालिकाओं को अपने अनुभवों को पोस्टर में स्लोगन, चित्र, संदेशों एवं लेखन के माध्यम से लिखा जाना। इसकी थीम जेण्ड़र समता एवं बालिकाओं की विकास में भागीदारी हो।
5. सपनों की उड़ान – सर्किल में बच्चों के बैठाकर उन्हें एक पेपर पर, बिना नाम लिखे, अपना सपना और उसमें आने वाली सबसे बड़ी चुनौती लिखने को कह कर उसे प्लेन बना कर उड़ाया जाये। जिसके पास जो प्लेन आये वो उस चिट को पढ़कर उसका संभव समाधान दे।

प्रोत्साहन

ऐसे बच्चों को भी प्रोत्साहित करें जिन्होंने बच्चों के नामांकन, ठहराव, नियमित उपस्थिति, बाल–विवाह जैसी कुप्रथा का विरोध किया हो, जो दूसरे बच्चों की मदद के लिये सदैव तत्पर हों और उनके कार्य विद्यालय के अन्य बच्चों हेतु प्रेरणादायी हों।

इस संदर्भ में जिला एवं ब्लॉक कार्यालयों के मार्गदर्शन में निम्नलिखित कार्य किये जाने हैं –

1. राष्ट्रीय बालिका दिवस पर समस्त विद्यालयों में समारोह आयोजित किया जायेगा।
2. राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिले पर भी एक समारोह आयोजित होगा जिसमें उ.प्रा. विद्यालय से मीना–राजू मंच में उदाहरणीय कार्य प्रस्तुत करने वाले 15 विद्यालय से 90 बच्चे सुगमकर्ता के साथ प्रतिभाग करेंगे।
3. 24 जनवरी से विद्यालय में बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण कैम्पेन की शुरूआत होगी जो कि विभिन्न गतिविधियों के संचालन के साथ 31 जनवरी तक चलेगी।
4. चयनित अध्यापिका मंच सदस्यों (प्रारम्भिक स्तर) के साथ कैम्पेन पश्चात एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन।
5. ब्लॉक पर 19506 उ.प्रा. विद्यालय से मीना–राजू मंच सुगमकर्ता एवं एक बालिका प्रेरक का ब्लॉक कार्यशाला में अभिमुखीकरण।
6. समस्त सफलतामूलक केस स्टड़ीज् का डाक्यूमेन्टेशन।

उक्त गतिविधियों के संचालन हेतु विस्तृत निर्देश एवं बजट आवंटन हेतु संलग्नक देखें।

ध्यान रखें कि

- समस्त गतिविधियां समयानुसार पूरी हों, इस हेतु आप स्वयं के स्तर से इसकी समीक्षा करें।
- बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण कैम्पेन एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह में स्थानीय एवं रास्कूशिप के सहयोगी संस्थाओं (NGO Partners) को जोड़ा जाये।
- इस संदर्भ में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्रांक 2112–2146 दिनांक 13.01.2020 का अवलोकन करें तथा पत्र के अनुसार गतिविधियों को भी समन्वित करते हुये आयो्जन करें।

बजट विवरण

संलग्नक – (1) कार्यक्रम विवरण, (2) बजट विवरण– 'अ–ब' (19506 उ.प्रा. विद्यालय हेतु) (3) मॉनीटरिंग प्रपत्र (4) NGO संस्थाओं की सूची (5)राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्राक 2112–2146 दिनांक 13.01.2020

(अभिषेक भगोतिया)
राज्य परियोजना निदेशक

प्रतिलिपी –

1. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, जयपुर।
2. निजी सहायक, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, जयपुर।
3. समस्त उपायुक्त, समग्र शिक्षा, जयपुर।
4. निदेशक, यूनिसेफ, जयपुर।
5. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त जिले।
6. समस्त पार्टनर संस्थाएं, बालिका शिक्षा प्रकोष्ठ, समग्र शिक्षा।
7. रक्षित प्रति।

(डॉ. रश्मि शर्मा)
अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक–2

## संलग्नक–1
## बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण पर साप्ताहिक कैम्पेन

**मीना–राजू मंच एवं गार्गी मंच के सदृढ़ीकरण कैम्पेन के उद्देश्य**

उक्त लक्ष्य को प्राप्त किये जाने हेतु समस्त विद्यालयों में राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी 2020 पर साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन करते हुए निम्नलिखित उद्देश्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जानी है।

1. सभी राजकीय प्रारम्भिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में मीना–राजू मंच एवं गार्गी मंच होगा और मीना–राजू मंच एवं गार्गी मंच के कोर समूह का गठन होगा।
2. विद्यालय के समस्त छात्राएं एवं छात्र मीना–राजू मंच (कक्षा 6 से 8) एवं गार्गी मंच (कक्षा 9 से 12) के कार्य एवं कार्यप्रणाली की जानकारी रखते होंगे।
3. सभी मीना–राजू मंच एवं गार्गी मंच का अपना 2020–21 के लिये एक वर्षीय कार्ययोजना होगी।
4. सभी ब्लॉक एवं जिला कार्यालय के पास मीना–राजू मंच एवं गार्गी मंच को सम्बलन देने एवं मॉनीटरिंग करने देने हेतु स्मार्ट इंडीकेटर्स होंगे

### प्रथम चरण (24 जनवरी 2020) – जिला स्तर पर
### जिले पर राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह

1. प्रत्येक जिले पर सभी ब्लॉक मिला कर अधिकतम 15 उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रतिभाग करेंगे। प्रत्येक विद्यालय से 6 संभागी बच्चे एवं 1 सुगमकर्ता इसमें सम्मिलित होंगे। संभागी बच्चों में कक्षा 6 से 8 के बच्चें सम्मिलित होंगे, जिसमें बालक एवं बालिकाएं दोनो हों और न्यूनतम 3 बालिकाएं अवश्य हों। (बजट संलग्न–2, अ–ब)
2. इस समारोह को किसी राजकीय माध्यमिक/प्रारम्भिक विद्यालय के प्रागंण में आयोजित किया जाये। आयोजक विद्यालय के बच्चे, चयनित मीना–राजू मंच एवं गार्गी मंच के सदस्य भाग लेंगे।
3. कार्यक्रम में प्रत्येक ब्लॉक से एक अध्यापिका मंच संयोजिका एवं सह–संयोजिका को स्वेच्छा से प्रतिभाग करने हेतु आंमत्रित किया जा सकता है।
4. समारोह का संचालन विद्यालय समय के दौरान ही किया जाये। जिससे कि दूरस्थ ब्लॉक से आने वाले संभागी बच्चे समय पर वापस जा सकें।
5. कार्यक्रम गत वर्षों में ब्लॉक/जिले स्तर पर पूर्व में करवाये गये हैं, अतः उसी आधार पर इसे संचालित क्रिया जाये। इस हेतु इस सत्र एवं पूर्व के सत्र में राज्य स्तर पर प्रशिक्षित केआरपी (Key Resource Persons) का सहयोग लिया जाये।
6. विशेष ध्यान रखा जाये कि पूर्व तैयारी के अनुसार सभी 15 प्रतिभागी विद्यालयों को वहां प्रस्तुति करने का मौका मिले। समारोह में निम्नलिखित गतिविधियां करवायीं जायें –
   1. मीना गीत/ प्रेरणा गीत।
   2. मीना–राजू मंच के संचालन एवं गतिविधियों का ब्यौरा।
   3. अनुभवों का आदान–प्रदान।
   4. मीना कहानियों पर नाट्य मंचन।
   5. बाल अधिकार कार्यशाला/ क्विज।
   6. प्रतिभागियों (कला व कौशल) एवं आयोजकों द्वारा प्रदर्शनी।
   7. व्यावहारिक जीवन में आने वाली समस्याओं का समाधान।
   8. बच्चों के साथ गतिविधियां/ खेलकूद कार्यक्रम।
   9. डॉक्यूमेन्ट्री दिखाया जाना।

   **नोट–** बिन्दु संख्या 2 एवं 3 पर बच्चों को अधिकतम अवसर दिये जायें।

**विशेष ध्यान रखा जाये कि राज्य में आचार संहिता लागू है, अतः उसका उल्लंघन नहीं हो।**

## द्वितीय चरण (27–31 जनवरी) – विद्यालय स्तर पर
### मीना–राजू मंच एवं गार्गी मंच द्वारा साप्ताहिक कैम्पेन एवं वार्षिक कार्ययोजना निर्माण

1. राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाये जाने उपरांत पूरे सप्ताह तक मीना–राजू मंच एवं गार्गी मंच की गतिविधियों का संचालन होगा। जिसका समापन मंच की वार्षिक कार्ययोजना निर्माण कर होगा।
2. प्रत्येक कक्षा से 5 मिनिट की अवधि कम करते हुए विद्यालय समय के अंतिम कक्षा में दी गयी गतिविधियों का संचालन किया जाये।
3. उक्त का संचालन हेतु सुगमकर्ता के अतिरिक्त विद्यालय के समस्त शिक्षकों द्वारा भाग लिया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 27 जनवरी सोमवार | ▪ मीना राजू मंच एवं गार्गी मंच के बारे में सभी बच्चों को प्रार्थना सभा में प्रारंभिक जानकारी देना।<br>▪ मीना राजू मंच एवं गार्गी मंच पर विस्तार से कक्षाओं में जानकारी देना। जिसमें सभी शिक्षकों की भागीदारी आवश्यक है।<br>▪ जानकारी दिये जाने के पश्चात, कक्षाओं में सभी बच्चों के साथ लीडरशिप की एक गतिविधि का आयोजन करना और बच्चों को सोचने हेतु प्रोत्साहित करना। |
| 28 जनवरी मंगलवार | ▪ मीना राजू मंच एवं गार्गी मंच के प्रेरकों का कक्षावार पुर्नचयन/चयन किया जाये। जिसमें प्रत्येक कक्षा से 3 बालिकाएं एवं 2 बालक प्रेरक होंगे।<br>▪ मीना राजू मंच एवं गार्गी मंच की गतिविधि एवं चयन प्रक्रिया को पृथक से गतिविधि रजिस्टर में दर्ज की जाये। |
| 29 जनवरी बुधवार | ▪ प्रार्थना सभा में मीना राजू मंच एवं गार्गी मंच के चयनित प्रेरकों का स्वयं द्वारा परिचय।<br>▪ उच्च प्राथमिक विद्यालयों में मीना कहानियों का वाचनालय बनाना। सभी उ.प्रा.वि. में रास्कूशिप जयपुर द्वारा मीना कहानियों का एक सेट गत सत्र में भेजा जा चुका है।<br>▪ मीना की कहानियों का कक्षावार वाचन हो, जिसपर सभी बच्चों के साथ चर्चाएं हों – ऐसी परिस्थितियां उनके साथ या उनके सहपाठी के साथ हों तो क्या किया जाये? ऐसी और कौनसी समस्याएं हैं जो कि लड़कियों और लड़कों की शिक्षा एवं विकास में बाधा हैं और उस पर मीना–राजू मंच एवं गार्गी मंच क्या कर सकती है। |
| 30 जनवरी गुरूवार | ▪ मीना राजू मंच एवं गार्गी मंच अपने प्रेरकों के माध्यम से (कोर समूह द्वारा) 2020–21 के गतिविधियों का कलेण्डर बनाये। इसमें सुगमकर्ता एवं अन्य शिक्षक सभी विद्यार्थियों के विचार भी सम्मिलित करेंगे। |
| 31 जनवरी शुक्रवार | ▪ प्रेरकों द्वारा बनायी गयी वार्षिक–कार्ययोजना का सामूहिक सभा में प्रस्तुत करना और मंच के सभी सदस्यों (विद्यार्थियों) का अनुमोदन लेना।<br>▪ मंच की वार्षिक–कार्ययोजना को चार्ट पर बना प्रधानाध्यापक कक्ष में चस्पा करना।<br>▪ संस्थाप्रधान कार्ययोजना की एक प्रति पीईईओ और ब्लॉक कार्यालय को उपलब्ध कराये।<br>▪ पीईईओ सभी कार्ययोजना को अपने ग्राम पंचायत की अध्यापिका मंच सदस्या एवं सक्रिय मीना–राजू मंच सुगमकर्ता का सहयोग लेते हुए उसकी समीक्षा कर उस पर सुझाव दे सदृढ़ करे और मीना–राजू मंच की सक्रिय प्रतिभाग को सुनिश्चित करे। |

## द्वितीय चरण (3 से 8 फरवरी ) – ब्लॉक स्तर पर
### अध्यापिका मंच सदस्यों हेतु एक कार्यशाला

1. अध्यापिका मंच के क्षमता अभिवर्द्धन की श्रेणी में सत्र 2019–20 में किसी एक दिन 7 कोर समूह सहित कुल 40 सक्रिय सदस्यों का चयन कर, एक दिवसीय बैठक–सह–कार्यशाला का आयोजन किया जाये। उक्त चयन कोर समूह सदस्याओं, ब्लॉक आरपी द्वारा किया जाये। यदि प्रतिभाग करने

हेतु सदस्याओं की संख्या अधिक हो तो स्वैच्छिक आधार पर प्रतिभाग करने हेतु अनुमति दी जा सकती है।

2. उक्त सभी सदस्या संप्रेषण कौशल एवं प्रशिक्षण कौशल में जानकारी रखती हो। साथ ही विद्यालयों में बच्चों के साथ प्रोत्साहन, नामांकन व ठहराव पर काम करती हों।
3. एक दिवसीय कार्यशाला में उक्तानुसार कुल 40 सदस्य भाग लेंगे। कार्यशाला का समय प्रातः 10 बजे से सांय 4 बजे तक रहेगा। 3 घण्टे प्रति सत्र के आधार पर दो सत्रों का आयोजन किया जाये।
4. कार्यशाला में पोक्सो एक्ट अर्थात यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं विशाखा गाईडलाईन अर्थात् कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम 2013 पर गहरी समझ बनायी जाये। इस हेतु जिला बाल कल्याण समिति, जिला विधि सेवा प्राधिकरण से दो सदस्यों को आंमत्रित किया जाये। जिसमें से कम से कम एक महिला अवश्य हो। इसके साथ ही जिले में सक्रिय एनजीओ की भी इसमें अतिरिक्त सहयोगी की रूप में आमंत्रित किया जा सकता है।
5. उक्त कार्यशाला में दोनों कानूनों के प्रावधान, राजकीय कर्मचारियों से अपेक्षा, व्यक्तिगत स्तर पर दायित्व, सहयोग लेने/देने की प्रक्रिया एवं पुलिस एवं न्यायिक प्रक्रियाओं के बारे भी पूरी जानकारी दी जाये।
6. कार्यशाला में खुल कर चर्चा हो, प्रश्नोत्तर हों, जिससे कि संभागी आगे विभिन्न स्तरों पर मीना–राजू मंच एवं अध्यापिका मंच में प्रशिक्षक/मार्गदर्शक के रूप में काम कर सकें।
7. विद्यालय अथवा सामाजिक स्तर पर कानून से पीड़ितों को संरक्षण दिये जाने हेतु अध्यापिका मंच क्या कदम उठा सकती है, इस पर भी ब्लॉक स्तरीय रणनीति बनाकर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को सौंपी जाये और इसकी एक प्रति जिले पर भी उपलब्ध करायी जाये।

## तृतीय चरण (3 से 8 फरवरी) – ब्लॉक स्तर पर मीना–राजू मंच के प्रतिनिधि एवं सुगमकर्ता का प्रशिक्षण

1. प्रथम चरण में मीना–राजू मंच एवं सुगमकर्ता मंच की कार्यप्रणाली पर समझ को बढ़ाने और उनकी कार्ययोजना को सम्बलन देने हेतु ब्लॉक पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन होगा।
2. उक्त प्रशिक्षण में समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों से कुल 2 सदस्य भाग लेगें। जिसमें कक्षा 7 से एक बालिका–प्रेरक और एक सुगमकर्ता होगी। (बजट संलग्न–2, अ–ब)
   विशेष – *जिन विद्यालयों में एक भी बालक नामांकित नहीं है, वहां मीना–मंच से कक्षा 7 से एक बालिका आँयेंगी। जिन विद्यालयों में एक भी बालिका नामांकित नहीं हैं, वहां राजू मंच से कक्षा 7 के एक बालक आयेगा।* अतः समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों में मीना–राजू मंच का संचालन होगा।
3. प्रशिक्षण में संभागियों के साथ निम्नलिखित ऐजेण्ड़ा–वार चर्चा होगी –

   <u>प्रथम सत्र</u>
   - मीना–राजू मंच के उद्देश्य।
   - मीना–राजू मंच के गठन की प्रक्रिया।
   - विभिन्न विषयवस्तु पर गतिविधियों के संचालन।
   - मीना की कहानियों का उपयोग।

   <u>द्वितीय सत्र</u>
   - कक्षा के सभी बच्चों को गतिविधियों में सम्मिलित करने के तरीके।
   - मंच द्वारा बनायी गयी वार्षिक कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा।

## चतुर्थ चरण (3–8 फरवरी) माध्यमिक विद्यालयों में मीना–राजू मंच एवं गार्गी मंच पर अभिमुखीकरण एवं कार्ययोजना निर्माण

1. प्रत्येक ग्राम पंचायत में सक्रिय अध्यापिका मंच सदस्या एवं मीना–राजू मंच सुगमकर्ता को पीईईओ द्वारा चिन्हित करना। चिन्हित सुगमकर्ता को किसी एक दिन हेतु माध्यमिक विद्यालय में मीना–राजू मंच, गार्गी मंच को जानकारी देने एवं सक्रिय करने की जिम्मेदारी देना।

2. चिन्हित की गयी सुगमकर्ता/सदस्या, विद्यालय की सुगमकर्ता और बच्चों को मीना राजू मंच एवं गार्गी मंच का अभिमुखीकरण करेगी तथा साथ मिलकर विद्यालय में किसी एक गतिविधि का संचालन करके दिखायेंगी।
3. चिन्हित की गयी सुगमकर्ता/सदस्या, मीना-राजू मंच एवं गार्गी मंच को वार्षिक कार्ययोजना बनाने में मार्गदर्शन देगी। उक्त कार्य गैर-वित्तीय होगा।

## पंचम चरण (10-15 फरवरी)
## गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण हेतु समीक्षा एवं केस स्टडी का संकलन

1. समस्त पीईईओ, ब्लॉक एवं जिला कार्यालय -
   - मीना-राजू मंच एवं गार्गी मंच की समस्त गतिविधियों को शाला दर्पण पर भरेंगे।
   - मंच की वार्षिक कार्ययोजना का सैम्पल के आधार पर समीक्षा कर उसे सुधार हेतु मार्गदर्शन देगें।
   - मीना-राजू मंच एवं गार्गी मंच की प्रभावी मॉनीटरिंग कर उसे सक्रिय करना।
   - बालिका दिवस की, अध्यापिका मंच के कार्यशाला की, मीना-राजू मंच के साप्ताहिक कैम्पेन की एवं सुगमकर्ता एवं प्रेरक के प्रशिक्षण की रिपोर्ट संकलित कर रास्कूशिप को उपलब्ध करायेगें।
2. उपरोक्त कैम्पेन में बालिका शिक्षा के अन्तर्गत संचालित गतिविधियां - मीना-राजू मंच, गार्गी मंच, अध्यापिका मंच, सक्षम (आत्मरक्षा प्रशिक्षण) की सफलतामूलक कहानियों को संग्रहित कर उसकी फोटो मय विस्तृत केस स्टडी बनायी जाये। ऐसे संग्रहण की प्रति रास्कूशिप जयपुर को उपलब्ध करायी जानी अनिवार्य होगी। इसके अन्तर्गत प्रत्येक गतिविधि हेतु (मीना-राजू मंच, गार्गी मंच, अध्यापिका मंच, सक्षम) न्यूनतम 5 केस स्टडी को तैयार किया जाये। केस स्टडी का संग्रहण का कार्य जिले एवं ब्लॉक कार्यालय द्वारा किया जायेगा और उस सामग्री से केस स्टड़ी बनाने के कार्य हेतु दक्ष संदर्भ व्यक्ति का सहयोग लिया जाये।

संलग्नक–2 (अ)

## District-wise and Activity-wise Budget Break-up (For 19506 Elementry School)

| S. N. | DISTRICT | No of Blocks | No of UPS | Budget Allocated | (District Level) Balika Shiksha Sammelan 24 Jan. | | | Sugamkarta & Prerak orientation 3-8 Fab. | | | Adhyapika Manch Meeting 3-8 Fab. | | | Documen-tation |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | Phy Target | Unit cost | Budget | Phy Target | Unit cost | Budget | District-wise Phy Target Teacher | Unit cost | Budget | |
| 1 | AJMER | 9 | 669 | 4,37,700 | 105 | 300 | 31,500 | 1,338 | 255 | 3,41,190 | 247 | 255 | 62,985 | 2,025 |
| 2 | ALWAR | 14 | 1,061 | 6,94,980 | 105 | 300 | 31,500 | 2,122 | 255 | 5,41,110 | 472 | 255 | 1,20,360 | 2,010 |
| 3 | BANSWARA | 11 | 488 | 4,49,460 | 105 | 300 | 31,500 | 976 | 255 | 2,48,880 | 655 | 255 | 1,67,025 | 2,055 |
| 4 | BARAN | 7 | 403 | 3,19,740 | 105 | 300 | 31,500 | 806 | 255 | 2,05,530 | 316 | 255 | 80,580 | 2,130 |
| 5 | BARMER | 17 | 1,321 | 7,97,340 | 105 | 300 | 31,500 | 2,642 | 255 | 6,73,710 | 353 | 255 | 90,015 | 2,115 |
| 6 | BHARATPUR | 10 | 576 | 4,64,580 | 105 | 300 | 31,500 | 1,152 | 255 | 2,93,760 | 538 | 255 | 1,37,190 | 2,130 |
| 7 | BHILWARA | 12 | 930 | 5,85,300 | 105 | 300 | 31,500 | 1,860 | 255 | 4,74,300 | 303 | 255 | 77,265 | 2,235 |
| 8 | BIKANER | 7 | 481 | 3,63,300 | 105 | 300 | 31,500 | 962 | 255 | 2,45,310 | 331 | 255 | 84,405 | 2,085 |
| 9 | BUNDI | 5 | 370 | 2,65,980 | 105 | 300 | 31,500 | 740 | 255 | 1,88,700 | 171 | 255 | 43,605 | 2,175 |
| 10 | CHITTAURGARH | 11 | 631 | 4,63,620 | 105 | 300 | 31,500 | 1,262 | 255 | 3,21,810 | 424 | 255 | 1,08,120 | 2,190 |
| 11 | CHURU | 7 | 534 | 3,63,060 | 105 | 300 | 31,500 | 1,068 | 255 | 2,72,340 | 224 | 255 | 57,120 | 2,100 |
| 12 | DAUSA | 6 | 447 | 3,18,900 | 105 | 300 | 31,500 | 894 | 255 | 2,27,970 | 225 | 255 | 57,375 | 2,055 |
| 13 | DHAULPUR | 5 | 316 | 2,48,700 | 105 | 300 | 31,500 | 632 | 255 | 1,61,160 | 211 | 255 | 53,805 | 2,235 |
| 14 | DUNGARPUR | 10 | 445 | 4,02,660 | 105 | 300 | 31,500 | 890 | 255 | 2,26,950 | 557 | 255 | 1,42,035 | 2,175 |
| 15 | GANGANAGAR | 9 | 581 | 4,36,020 | 105 | 300 | 31,500 | 1,162 | 255 | 2,96,310 | 416 | 255 | 1,06,080 | 2,130 |
| 16 | HANUMANGARH | 7 | 416 | 3,33,660 | 105 | 300 | 31,500 | 832 | 255 | 2,12,160 | 345 | 255 | 87,975 | 2,025 |
| 17 | JAIPUR | 19 | 1,200 | 8,15,940 | 105 | 300 | 31,500 | 2,400 | 255 | 6,12,000 | 668 | 255 | 1,70,340 | 2,100 |
| 18 | JAISALMER | 3 | 280 | 1,96,740 | 105 | 300 | 31,500 | 560 | 255 | 1,42,800 | 80 | 255 | 20,400 | 2,040 |
| 19 | JALOR | 8 | 554 | 3,91,140 | 105 | 300 | 31,500 | 1,108 | 255 | 2,82,540 | 294 | 255 | 74,970 | 2,130 |

| S. N. | DISTRICT | No of Blocks | No of UPS | Budget Allocated | (District Level) Balika Shiksha Sammelan 24 Jan. | | | Sugamkarta & Prerak orientation 3-8 Fab. | | | Adhyapika Manch Meeting 3-8 Fab. | | | Documen-tation |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | Phy Target | Unit cost | Budget | Phy Target | Unit cost | Budget | District-wise Phy Target Teacher | Unit cost | Budget | |
| 20 | JHALAWAR | 8 | 593 | 3,92,580 | 105 | 300 | 31,500 | 1,186 | 255 | 3,02,430 | 222 | 255 | 56,610 | 2,040 |
| 21 | JHUNJHUNU | 8 | 527 | 3,94,380 | 105 | 300 | 31,500 | 1,054 | 255 | 2,68,770 | 361 | 255 | 92,055 | 2,055 |
| 22 | JODHPUR | 17 | 913 | 6,91,140 | 105 | 300 | 31,500 | 1,826 | 255 | 4,65,630 | 752 | 255 | 1,91,760 | 2,250 |
| 23 | KARAULI | 6 | 384 | 3,01,260 | 105 | 300 | 31,500 | 768 | 255 | 1,95,840 | 282 | 255 | 71,910 | 2,010 |
| 24 | KOTA | 6 | 401 | 2,79,420 | 105 | 300 | 31,500 | 802 | 255 | 2,04,510 | 162 | 255 | 41,310 | 2,100 |
| 25 | NAGAUR | 14 | 986 | 6,60,780 | 105 | 300 | 31,500 | 1,972 | 255 | 5,02,860 | 487 | 255 | 1,24,185 | 2,235 |
| 26 | PALI | 10 | 720 | 4,80,060 | 105 | 300 | 31,500 | 1,440 | 255 | 3,67,200 | 311 | 255 | 79,305 | 2,055 |
| 27 | PRATAPGARH (RAJ.) | 5 | 325 | 2,48,700 | 105 | 300 | 31,500 | 650 | 255 | 1,65,750 | 193 | 255 | 49,215 | 2,235 |
| 28 | RAJSAMAND | 7 | 549 | 3,49,740 | 105 | 300 | 31,500 | 1,098 | 255 | 2,79,990 | 142 | 255 | 36,210 | 2,040 |
| 29 | SAWAI MADHOPUR | 6 | 316 | 2,75,220 | 105 | 300 | 31,500 | 632 | 255 | 1,61,160 | 315 | 255 | 80,325 | 2,235 |
| 30 | SIKAR | 9 | 705 | 4,68,300 | 105 | 300 | 31,500 | 1,410 | 255 | 3,59,550 | 295 | 255 | 75,225 | 2,025 |
| 31 | SIROHI | 5 | 241 | 2,25,960 | 105 | 300 | 31,500 | 482 | 255 | 1,22,910 | 272 | 255 | 69,360 | 2,190 |
| 32 | TONK | 6 | 511 | 3,32,820 | 105 | 300 | 31,500 | 1,022 | 255 | 2,60,610 | 151 | 255 | 38,505 | 2,205 |
| 33 | UDAIPUR | 17 | 832 | 6,99,780 | 105 | 300 | 31,500 | 1,664 | 255 | 4,24,320 | 948 | 255 | 2,41,740 | 2,220 |
| | **TOTAL** | **301** | **19,706** | **1,41,48,960** | **3,465** | | **10,39,500** | **39,412** | | **1,00,50,060** | **11,723** | | **29,89,365** | **70,035** |

# संलग्नक–2 (ब)

## बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण पर साप्ताहिक कैम्पेन

Budget Break-up: (Rs. 300 per participant)

Balika Shiksha Sammelan at District Level

| Details | Physical | Fin Unit | Budget |
|---|---|---|---|
| Travel | 105 | 50 | 5,250 |
| Snacks/ Meal | 105 | 117 | 12,285 |
| Kit for girls | 90 | 100 | 9,000 |
| Honorarium for KRPs | 4 | 500 | 2,000 |
| Arrangements | | | 2,965 |
| TOTAL | | | 31,500 |

Note: Kit for girls will include a certificate of participation and other items for example Diary-pen/ Drawing book-colours/ A cap/ Wrist band/ Storybook of upcoming women change-maker/ any other item.

Budget Break-up: (Rs.255 per participant, & batch of 40 persons)

1. Meena-Raju Manch Sugamkarta Orientation at block level (2 persons per school)
2. Adhyapika Manch Workshop at Block level (as per district-wise budget sheet)

| TRAINING (AM) | Phy | Unit cost | Budget |
|---|---|---|---|
| Snacks, tea, lunch etc | 40 | 117 | 4,680 |
| Venue arrangement | 40 | 30 | 1,200 |
| Stationary | 40 | 8 | 320 |
| Other arrangements | 40 | 25 | 1,000 |
| TA | 40 | 50 | 2,000 |
| Honorarium | 2 | 500 | 1,000 |
| | | | 10,200 |

Budget Break-up: ( >Rs.2000 per district)

Documentation of case studies

| TRAINING (AM) | Phy | Unit cost | Budget |
|---|---|---|---|
| Honorarium | 3 | 500 | 1,500 |
| Stationary, communication charges, etc | | | 500 |
| Miscellaneous | | | As per balance amount |

संलग्नक–2

## मॉनीटरिंग प्रपत्र

### 1. राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह – भौतिक उपलब्धि (31 जनवरी तक)

| क्र सं | विद्यालय स्तरीय समारोह | | | जिला स्तरीय समारोह | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | समारोह मनाने वाले कुल विद्यालयों की संख्या | | | प्रतिभागी उ.प्रा.वि. की संख्या | प्रतिभागियों की संख्या | | प्रतिभागियों हेतु किट में सामग्री–विवरण | कार्यक्रम संचालन हेतु नामित केआरपी का नाम |
| | उ.प्रा.वि. | मा.वि. | उ.मा.वि. | | बालिका | बालक | | |
| | | | | | | | | |

नोट– गतिविधि की फोटो मय रिपोर्ट तथा विद्यालयों की रिपोर्ट राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर को उपलब्ध करावें जिसमें प्रतिभागी विद्यालयों द्वारा मीना–राजू द्वारा किये जाने वाले काम और उनकी उपलब्धियों पर स्पष्ट उल्लेख हो।

### 2. बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण कैम्पेन – भौतिक उपलब्धि (7 फरवरी तक)

| क्र सं | संचालित गतिविधियों का विवरण | विद्यालयों की संख्या जिन्होने कैम्पेन की गतिविधियों का चरणवद्ध संचालन किया | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | उ.प्रा.वि. | मा.वि. | उ.मा.वि. | कुल |
| 1 | कक्षा 6 से 8 के सभी बच्चे मीना–राजू मंच के उद्देश्य, गतिविधियां एवं कार्यप्रणाली के बारे में जानते हैं। | | | | |
| 2 | मीना–राजू मंच के प्रेरकों का चयन हुआ एवं लीडरशिप की गतिविधि का संचालन हुआ। | | | | |
| 3 | मीना की कहानियों का वाचन एवं सामूहिक चर्चा हुई। | | | | |
| 4 | मीना–राजू मंच के प्रेरकों द्वारा अपनी वार्षिक कार्ययोजना बनायी गयी जो संस्थाप्रधान के कमरे में प्रदर्शित है। | | | | |
| 5 | वार्षिक कार्ययोजना की एक प्रति पीईईओ विद्यालय में उपलब्ध है। | | | | |
| 6 | वार्षिक कार्ययोजना की एक प्रति ब्लॉक कार्यालय में उपलब्ध है। | | | | |

नोट – प्रतिजिला मीना–राजू मंच की पांच कार्ययोजनाओं की प्रति को राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् कार्यालय जयपुर को उपलब्ध करायी जाये।

### 3. अध्यापिका मंच कार्यशाला – भौतिक उपलब्धि (14 फरवरी तक)

| कुल बैच की संख्या | कुल प्रतिभागी अ.म. सदस्याओं की संख्या | कुल ब्लॉक की संख्या जिससे प्रतिभागी आये | कुल विद्यालय की संख्या जिससे प्रतिभागी आये | संदर्भ व्यक्तियों का नाम, पदनाम व पदस्थान | क्या ब्लॉक पर अ.म. द्वारा इन दो विषयों हेतु अगामी रणनीति पर योजना बनी है। |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

नोट– प्रतिजिला दो योजनाओं की प्रतिलिपी उपलब्ध करायी जाये।

4. मीना–राजू मंच अभिमुखीकरण प्रशिक्षण – भौतिक उपलब्धि (14 फरवरी तक)

| कुल बैच की संख्या | | कुल प्रशिक्षित प्रतिभागियों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| लक्ष्य | उपलब्धि | सुगमकर्ताओं की संख्या | प्रेरक बालिकाओं की संख्या | कुल |
| | | | | |

5. केस स्टड़ीज डॉक्यूमेन्टेशन – भौतिक उपलब्धि (20 फरवरी तक)

| | मीना–राजू मंच | गार्गी मंच | अध्यापिका मंच | सक्षम/आत्मरक्षा प्रशिक्षण |
|---|---|---|---|---|
| रास्कूशिप को भेजी जाने वाली कुल केस स्टडी की संख्या | | | | |

6. वित्तीय उपलब्धि (29 फरवरी तक)

| District Name | Allotted Budget | Celebration of National Girls Child Day | | | | Adhyapika Manch workshop | | | | Meena Raju Manch orientation | | | | Documen-tation | | TOTAL FINANCIAL ACHIV. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Target | | **Achiv.** | | Target | | **Achiv.** | | Target | | Achiv. | | Targ | Achv | |
| | | Phy | Fin | **Phy** | **Fin** | Phy | Fin | **Phy** | **Fin** | Phy | Fin | Phy | Fin | Fin. only | | |
| | | 105 persons | | | | | | | | | | | | | | |

संलग्नक–4

| S. N. | District | केजीबीवी (कक्षा 6–8) | एनजीओ संस्था का नाम | केजीबीवी (कक्षा 9–12) | एनजीओ संस्था का नाम | एनजीओ संस्था का नाम | एनजीओ संस्था का नाम | एनजीओ संस्था का नाम | एनजीओ संस्था का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ajmer | 7 | CEE, Bodh | 7 | Room To Read | Educate Girl | - | Pratham Education Foundation | - |
| 2 | Alwar | 10 | CEE, Bodh | 10 | Room To Read | - | - | - | - |
| 3 | Banswara | 7 | CEE, Bodh | 7 | Room To Read | Educate Girl | - | Pratham Education Foundation | - |
| 4 | Baran | 7 | CEE, Bodh | 7 | Room To Read | - | - | - | - |
| 5 | Barmer | 6 | CEE, Bodh | 6 | Room To Read | - | - | - | - |
| 6 | Bharatpur | 8 | CEE, Bodh | 8 | Room To Read | - | - | - | - |
| 7 | Bhilwara | 11 | CEE, Bodh | 11 | Room To Read | Educate Girl | - | - | - |
| 8 | Bikaner | 5 | CEE, Bodh | 5 | Room To Read | - | - | - | - |
| 9 | Bundi | 4 | CEE, Bodh | 4 | Room To Read | Educate Girl | Save the Children | - | - |
| 10 | Chittorgarh | 11 | CEE, Bodh | 11 | Room To Read | - | Save the Children | - | - |
| 11 | Churu | 6 | CEE, Bodh | 1 | Room To Read | - | - | - | - |
| 12 | Dausa | 4 | CEE, Bodh | 4 | Room To Read | - | - | - | - |
| 13 | Dholpur | 4 | CEE, Bodh | 4 | Room To Read | - | - | - | - |
| 14 | Dungarpur | 5 | CEE, Bodh | 5 | Room To Read | - | Save the Children | Pratham Education Foundation | Jatan |
| 15 | Hanumangarh | 1 | CEE, Bodh | 1 | Room To Read | - | - | - | - |
| 16 | Jaipur | 7 | CEE, Bodh | 7 | Room To Read | - | - | Pratham Education Foundation | Jatan |
| 17 | Jaisalmer | 3 | CEE, Bodh | 3 | Room To Read | - | - | - | - |
| 18 | Jalore | 7 | CEE, Bodh | 7 | Room To Read | Educate Girl | - | Pratham Education Foundation | - |
| 19 | Jhalawar | 4 | CEE, Bodh | 4 | Room To Read | Educate Girl | - | - | - |
| 20 | Jhunjhunun | 2 | CEE, Bodh | 0 | - | - | - | - | - |
| 21 | Jodhpur | 9 | CEE, Bodh | 9 | Room To Read | - | Save the Children | - | - |
| 22 | Karauli | 4 | CEE, Bodh | 4 | Room To Read | - | - | - | - |
| 23 | Kota | 1 | CEE, Bodh | 1 | Room To Read | - | - | - | - |
| 24 | Nagaur | 14 | CEE, Bodh | 11 | Room To Read | - | - | - | - |
| 25 | Pali | 10 | CEE, Bodh | 10 | Room To Read | - | - | - | - |
| 26 | Pratapgarh | 5 | CEE, Bodh | 5 | Room To Read | - | - | - | - |
| 27 | Rajsamand | 7 | CEE, Bodh | 7 | Room To Read | - | Save the Children | - | - |
| 28 | Sawai Modhpur | 6 | CEE, Bodh | 5 | Room To Read | - | Save the Children | - | - |
| 29 | Sikar | 2 | CEE, Bodh | 0 | - | - | - | - | - |
| 30 | Sirohi | 5 | CEE, Bodh | 5 | Room To Read | Educate Girl | - | - | ICRW |
| 31 | Shri Ganganagar | 2 | CEE, Bodh | 2 | Room To Read | - | - | - | - |
| 32 | Tonk | 7 | CEE, Bodh | 6 | Room To Read | - | Save the Children | - | - |
| 33 | Udaipur | 9 | CEE, Bodh | 9 | Room To Read | Educate Girl | - | Pratham Education Foundation | ICRW, Jatan |

सलग्नक – 5

अत्यावश्यक

# राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर,जयपुर पीठ, जयपुर
(Phone: 0141-2227481, FAX: 2227602, Toll Free Help Line 15100/9928900900)
Email: rslsajp@gmail.com, rj-slsa@nic.in, website: www.rlsa.gov.in

क्रमांक :– 2112 – 2146 दिनांक :– 13.01.2020

प्रेषिति :–

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
समस्त राजस्थान।

विषय :– दिनांक 24.01.2020 को सम्पूर्ण प्रदेश में अनिवार्य शिक्षा के अधिकार पर जन जागृति अभियान एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं को शिक्षा हेतु जोड़ने के संबंध में।
संदर्भ :– पूर्व में दिए गए दिशा निर्देश दिनांक 06.01.2020

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस है और रालसा द्वारा वर्ष 2019–20 को "Educate Girl Child" वर्ष घोषित किया गया है। इस दिवस के लिए रालसा ने वार्षिक एक्शन प्लान में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया है।

निर्देशानुसार पुनः आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप दिनांक 16.01.2020 तक श्रीमान् अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में जिला प्रशासन, शिक्षा अधिकारी, अन्य जुड़े हुए समस्त अधिकारीगण, एन.जी.ओ., प्रमुख स्कूलों के संचालक इत्यादि की एक बैठक का आयोजन कर दिनांक 24.01.2020 को आपके जिले में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा बनाएं और दिनांक 17.01.2020 को दोपहर 01.00 बजे तक कार्यक्रमों की रूपरेखा इस कार्यालय को प्रेषित करें।

उक्त दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रभात फेरी, रैली एवं जन–जागृति कार्यक्रमों के अलावा बच्चों के लिए विभिन्न विषयों, जिनमें ''अनिवार्य शिक्षा का अधिकार एवं बालिका शिक्षा'' से जुड़े विषयों पर निबन्ध, पोस्टर पेंटिंग एवं वाद–विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित किए जाने के कार्यक्रम बनाएं। इन कार्यक्रमों में जिले के अधिकाधिक बच्चों को सम्मिलित करने का भरपूर प्रयास करें। साथ ही इस अवसर को यादगार बनाने के

लिए स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आमजन को इन कार्यक्रमों से जोड़ें और आमजन में यह जन–जागृति उत्पन्न करने का प्रयास करें कि समाज के प्रत्येक बच्चे को अनिवार्य शिक्षा का अधिकार है और उस शिक्षा को दिलाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भूमिका अदा करनी है।

इस वर्ष भारत में संविधान के अंगीकृत होने का 70वां वर्ष भी मनाया जा रहा है, उक्त कार्यक्रमों में भारत के संविधान की प्रस्तावना का वाचन भी सुनिश्चित करें।

उक्त कार्यक्रमों के प्रचार–प्रसार हेतु रालसा द्वारा पोस्टर व ब्रोशर प्रेषित किए जाएंगे परन्तु आप स्थानीय स्तर पर आवश्यक प्रचार सामग्री प्रकाशित करने हेतु सक्षम है। अतः रैली के लिए डिस्प्ले बोर्ड, पोस्टर इत्यादि भी आप आवश्यकतानुसार बनवा सकते हैं।

उक्त कार्यक्रम को इस वर्ष के बेहतरीन कार्यक्रमों में से एक कार्यक्रम बनाने हेतु भरपूर एवं भरसक प्रयास करें। यदि किसी प्रकार की कठिनाई समन्वय में हो तो प्राधिकरण को सूचित करें।

भवदीय

(अशोक कुमार जैन)
सदस्य सचिव
राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण
जयपुर